
PAIGAM-E-JAGAT

पैग़ाम-ऐ-जगत

जीवन में शांति चाहते हैं तो दुसरों की शिकायतें करने से बेहतर है खुद को बदल लें।

Title code : CHAMUL00914 | E-mail : Info@paigamejagat.com | मंगलवार, 29 सितंबर, 2026, साल-2, अंक-65, चंडीगढ़, मुख्य संपादक : दविंदर कुमार, संपर्क-94786-02733



सबसे ताकतवर रॉकेट 'स्टारशिप' का 14वां टेस्ट कामयाब

पहली बार ऑर्बिट पहुंचा, 26 सैटेलाइट लॉन्च किए; 10 घंटे के बजाय 3 घंटे में पृथ्वी पर लौटा

नई दिल्ली, 28 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

स्टारशिप की 14वीं उड़ान में 26 सैटेलाइट अंतरिक्ष में छोड़े गए। स्टारलिंक की टीम ने इन सभी सैटेलाइट्स से संपर्क कर लिया है। इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का सबसे ताकतवर रॉकेट 'स्टारशिप' आज 28 सितंबर को पहली बार पृथ्वी की कक्षा में पहुंचा। 26 सैटेलाइट भी ऑर्बिट में लॉन्च किए गए। शुरुआती योजना के तहत स्टारशिप को करीब 10 घंटे तक पृथ्वी के चक्कर लगाना था, लेकिन मिशन के दौरान किए गए रिव्यू के बाद कंट्रोलर्स ने इसे जल्दी खत्म करने का फैसला किया। इसके तहत उड़ान भरने के लगभग 2 घंटे 12 मिनट बाद रॉकेट का डीऑर्बिट बर्न पूरा किया, और मिशन शुरू होने के तीसरे घंटे के आसपास इसे प्रशांत महासागर में उतारा गया। भारतीय समयानुसार शाम 6:16 बजे इस रॉकेट को लॉन्च किया गया था। ये स्टारशिप का 14वां टेस्ट है। इससे पहले की सभी उड़ानों में रॉकेट को सब-ऑर्बिटल ट्रैजेक्टरी तक ही सीमित रखा गया था ताकि सुरक्षा बनी रहे और ज्यादा से ज्यादा डेटा जुटाया जा सके।

भारत को एशियन गेम्स के 9वें दिन 8 मेडल

जेवलिन में यशवीर को सिल्वर, रोहित को ब्रॉन्ज; श्रीशंकर, गुलवीर और ईशा ने भी जीते सिल्वर

नई दिल्ली, 28 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

भारत को एशियन गेम्स के 9वें दिन 8 मेडल मिले। यशवीर सिंह ने जेवलिन थ्रो में 85.72 मीटर के पर्सनल बेस्ट के साथ सिल्वर और रोहित यादव ने 84.35 मीटर के थ्रो के साथ ब्रॉन्ज जीता। इससे पहले श्रीशंकर मुरली ने लॉन्ग जंप में 8.07 मीटर की जंप के साथ सिल्वर अपने नाम किया।

गुलवीर सिंह ने 1500 मीटर में 3 मिनट 36.72 सेकेंड के समय के साथ सिल्वर जीता। सोमवार को ईशा सिंह ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में सिल्वर हासिल किया। पारुल चौधरी ने 5000 मीटर में ब्रॉन्ज, वित्या रामराज ने 400 मीटर हर्डल्स में ब्रॉन्ज और पिंकी बल्हारा ने कुराश के -78 किग्रा वर्ग में ब्रॉन्ज जीता। इन मेडल के साथ भारत के खाते में अब 45 मेडल हो गए हैं। इनमें 4 गोल्ड, 20 सिल्वर और 21 ब्रॉन्ज शामिल हैं। (शेष पेज 2 पर)



पारुल और वित्या को ब्रॉन्ज

पारुल चौधरी ने महिलाओं की 5000 मीटर रेस में 15 मिनट 14.61 सेकेंड के समय के साथ ब्रॉन्ज जीता। वित्या रामराज ने महिलाओं की 400 मीटर हर्डल्स में 54.75 सेकेंड के समय के साथ ब्रॉन्ज जीता। उन्होंने पीटी उषा का 42 साल पुराना नेशनल रिकॉर्ड तोड़ा। उषा ने 1984 लॉस एंजिल्स ओलिंपिक में 55.42 सेकेंड का समय निकाला था। अनू राघवन 55.88 सेकेंड के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। कुराश में पिंकी बल्हारा ने महिलाओं के -78 किग्रा वर्ग में ब्रॉन्ज जीता। सेमीफाइनल में उन्हें साउथ कोरिया की मो सुमिन ने 5-0 से हराया।

ईशा ने शूटआउट में गोल्ड गंवाया



ईशा सिंह ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में सिल्वर जीता। फाइनल में ईशा और चीन की जियाओ जियारुइक्युआन के 38-38 पॉइंट रहे। इसके बाद शूटआउट हुआ, जिसमें जियाओ ने जीत दर्ज की। ईशा ने 580 अंक के साथ फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। मनु भाकर मेडल इवेंट तक नहीं पहुंच सकीं।

भारत ने 10-0 से जीतकर बांग्लादेश को दी मात

अब सेमीफाइनल में पाकिस्तान से होगा महामुकाबला



भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियाई खेलों में अपना अजेय फॉर्म बरकरार रखते हुए सोमवार को पूल ए के आखिरी ग्रुप मैच में बांग्लादेश को 10 . 0 से हराया। भारत पूल ए में शीर्ष पर रहा और अब एक अक्टूबर को सेमीफाइनल में सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा।

भारत के लिये कप्तान हरमनप्रीत सिंह (27वां और 40वां मिनट), शिलानंद लाकड़ा (44वां और 45वां) ने दो दो गोल किये जबकि अभिषेक (तीसरा मिनट), जुगराज सिंह (22वां), सुखजीत सिंह (32वां), संजय (59वां) और मनदीप सिंह (60वां) ने एक एक गोल दागा। भारत ने इससे पहले इंडोनेशिया को 13 . 1, दक्षिण कोरिया को 8 . 2, सिंगापुर को 7 . 0 और जापान को 2 . 0 से हराया था।

कुपवाड़ा में कार नदी में गिरी, 5 मौतें

श्रीनगर, 28 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सोमवार को हुए एक सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई और 6 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि एक कार तीतवाल-सिमारी सड़क पर फिसलकर किशनगंगा नदी में जा गिरी। हादसा करनाह के सिमारी इलाके में सोमवार को हुआ।

घायलों को सबसे पहले इलाज के लिए उप-जिला अस्पताल तंगधार ले जाया गया। इसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हंदवाड़ा स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अस्पताल भेजा गया। हादसे में मारे गए और घायल हुए लोगों की सही पहचान का पता लगाया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कुपवाड़ा जिले में हुए इस दर्दनाक सड़क हादसे में लोगों की मौत पर दुख जताया।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, कुपवाड़ा में हुए दुर्भाग्यपूर्ण सड़क हादसे में लोगों की जान जाने से बेहद दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। मैंने जिला प्रशासन को घायलों का हरसंभव बेहतर (शेष पेज 2 पर)

शेयर बाजार में नवेशकों के डूबे 8 लाख करोड़

मुंबई : भारतीय शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1124.02 अंक यानी 1.52 फीसदी गिरकर 72,771.72 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 360.25 अंक यानी 1.56 फीसदी टूटकर 22,780.25 के स्तर पर आ गया। बाजार में व्यापक बिकवाली का दबाव देखा गया। इस गिरावट के चलते



बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप करीब 8 लाख करोड़ रुपए घटकर लगभग 474 लाख करोड़ रुपए रह गया।

कई प्रमुख क्षेत्रीय सूचकांकों में तेज गिरावट आई। वित्तीय, धातु, रियल एस्टेट, निजी बैंक और ऊर्जा से संबंधित क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित हुए। ऑटोमोबाइल, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और रसायन शेयरों में भी कमजोरी बनी रही। हालांकि, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र ने कुछ हद तक लचीलापन दिखाया। मीडिया और फार्मा क्षेत्र भी अपेक्षाकृत स्थिर रहे, लेकिन उनमें भी गिरावट दर्ज हुई। कुल मिलाकर, बाजार की व्यापकता नकारात्मक रही।

बाजार में इस बड़ी गिरावट के पीछे छह मुख्य कारण बताए गए हैं। ईरान और अमेरिका के बीच संघर्ष का बढ़ना एक प्रमुख वजह रही। इसके चलते कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया। (शेष पेज 2 पर)

मोगा में 12 करोड़ रुपए की हेरोइन समेत 3 आरोपी काबू

मोगा, 28 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मोगा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन कथित नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 12 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। एसएसपी मोगा सरताज सिंह चहल ने बताया कि यह कार्रवाई आईजी फरीदकोट रेंज नीलांबरी जगदले विजय के दिशा-निर्देशों, एसपी (इन्वेस्टिगेशन) अजय राज सिंह की निगरानी तथा डीएसपी (डी) जतिंदर सिंह के नेतृत्व में मोगा सीआईए स्टाफ की टीम द्वारा की गई है।

जानकारी देते हुए एसपीडी अजय राज ने बताया कि सीआईए स्टाफ इंचार्ज इंस्पेक्टर दलजीत सिंह की अगुवाई में पुलिस पार्टी इलाके में गश्त कर रही थी। इसी दौरान



मुखबिर से सूचना मिली कि अजीतवाल की दाना मंडी में एक बिना नंबर की स्विफ्ट कार खड़ी है, जिसमें नशे की खेप मौजूद है। उन्होंने बताया कि एएसआई लवजीत सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान अजीतवाल बस अड्डे पर पहुंचे तो मुखबिर से सूचना मिली कि सोलव सिंह उर्फ जानी और बलजिंदर सिंह उर्फ लवली दोनों निवासी पीरे के उताड़, थाना अमीर खास, जिला फाजिल्का भारी मात्रा में हेरोइन लेकर अजीतवाल क्षेत्र में मनप्रीत सिंह उर्फ गोनी निवासी बोड़े जिला मोगा को सप्लाई करने पहुंचे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने अजीतवाल की दाना मंडी में पीर बाबा चंदू शाह की जगह के बैकसाइड पहुंचकर कार की तलाशी ली, तो उसमें से 12 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई ओर मौके पर की तीनों आरोपियों को सफेद रंग की बिना नंबर वाली मारुति स्विफ्ट कार सहित गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने बताया कि कार की कंडक्टर साइड सीट के पैरों वाली जगह से एक नीले रंग का बैग बरामद हुआ, जिसमें पारदर्शी मोमी लिफाफे में 12 किलोग्राम हेरोइन रखी हुई थी। इस संबंध में थाना अजीतवाल में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी है। तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल कर आरोपियों (शेष पेज 2 पर)

बठिंडा ज़िले में 24 घंटे के अंदर दो हत्याएं

- **बिबीवाला गाँव में शराब की दुकान के कर्मचारी की गोली मारकर हत्या, सिरियेवाला गाँव में पुरानी रंजिश के चलते दिहाड़ी मज़दूर की हत्या**

बठिंडा, 28 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

बठिंडा ज़िले में पिछले 24 घंटों में अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की हत्या कर दी गई। सोमवार को बिबीवाला गाँव में शराब की दुकान के एक कर्मचारी (उम्र लगभग 60 साल) की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जबकि रविवार शाम सिरियेवाला गाँव में पुरानी रंजिश के कारण 21 साल के एक दिहाड़ी मज़दूर की कथित तौर पर हत्या कर दी गई।

शराब की दुकान के कर्मचारी, जिनकी पहचान उत्तर प्रदेश के रहने वाले सूदन सिंह के तौर पर हुई है, की सोमवार दोपहर बिबीवाला गाँव में अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। खबरों के मुताबिक, उन्होंने दुकान पर काम करना सिर्फ़ तीन महीने पहले ही शुरू किया था। जब हमलावरों ने गोली चलाई, तो वह शराब की दुकान के बाहर खड़े थे। बठिंडा कैंट पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एक अलग घटना में, कोठा गुरु गाँव के दिहाड़ी मज़दूर सिमरनप्रीत सिंह उर्फ़ सिम्मा की रविवार शाम सिरियेवाला गाँव में कथित तौर पर हत्या कर दी गई। दस से ज़्यादा (शेष पेज 2 पर)

2000 रु. से ज्यादा यू.पी.आई. पेमेंट पर 0.4% एम.डी.आर.

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र-भारतीय रिजर्व बैंक को भेजा नोटिस, रोक से इनकार

नयी दिल्ली, 28 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

सुप्रीम कोर्ट ने 2,000 रुपये से अधिक के निर्धारित यू.पी.आई. व्यक्ति-से-व्यापारी लेनदेन पर 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' लगाने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र और अन्य से सोमवार को जवाब मांगा।

भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई और केंद्र, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) तथा अन्य को चार सप्ताह के भीतर अपने जवाबी हलफनामे दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने एमडीआर



लगाने के केंद्र के फैसले पर किसी तरह की अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया।

केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एन. वेंकटरमण ने पीठ को बताया कि इसका इस्तेमाल करने वाले 96 प्रतिशत लोग इससे छूट के दायरे में हैं। पीठ ने कहा, ''यह मामला कानूनी कम और तकनीकी अधिक है।''


सुप्रीम कोर्ट द्वारा नोटिस जारी करने और प्रतिवादियों को चार सप्ताह के भीतर अपने जवाबी हलफनामे दाखिल करने का निर्देश दिए जाने के बाद याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने पीठ से अनुरोध किया, ''तब तक इस पर रोक लगा दीजिए।'' पीठ ने किसी तरह की अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया। अधिवक्ता अंजन दत्ता ने जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की है। सरकार ने करीब छह साल से पूरी तरह नि:शुल्क यू.पी.आई. (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) भुगतान व्यवस्था के बाद 15 अक्टूबर से यू.पी.आई. मंच के जरिये व्यापारियों को किए जाने वाले 2,000 रुपये से अधिक के भुगतान पर (शेष पेज 2 पर)

हिमाचल के शिमला में लैंडस्लाइड

- **हिमाचल में 100 फीट से ज्यादा ऊंचा पहाड़ गिरा मलबा**
- **नदी का बहाव रुका, धूल का गुबार उठा**

शिमला, 28 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में सोमवार सुबह पहाड़ गिर गया। रोहड़ू के छोहारा ब्लॉक में जंगलिख पुल के पास 100 फीट से ज्यादा ऊंचा पहाड़ करीब 25 से 26 सेकेंड तक गिरता रहा। पहाड़ का मलबा सड़क पर आ जाने से गांव का रास्ता बंद हो गया। वहीं, मलबे के कारण सुंदरू नदी का बहाव भी कुछ देर के लिए रुक गया। पहाड़ गिरने से मौके पर धूल का गुबार उठ गया। इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पहाड़ का हिस्सा भरभराकर गिरते हुए दिखाई दे रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने दोपहर बाद तीन बजे तक पांच जिले चंबा, कांगड़ा, ऊना, सोलन और सिरमौर जिला में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में लोगों को



सावधानी बरतने की सलाह दी है। शिमला, मंडी, कुल्लू, हमीरपुर और बिलासपुर में यलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान किन्नौर और लाहौल स्पीति की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी की संभावना है।

बारिश-बर्फबारी से बढ़ी ठंड

वहीं, बीते दो दिन से हो रही बारिश और ऊंचे पहाड़ों पर बर्फबारी के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। प्रदेश का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से 1.9 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया है। इससे ठंड बढ़ गई है। सुबह और रात के समय ठंड का असर ज्यादा महसूस किया जा रहा है।

सोने की कीमत 4,133 रु. घटकर 1.48 रु. लाख हुई

- **चांदी की कीमतों में 9,297 रु. की गिरावट; इस महीने सोना 8,000रु. और चांदी 14,000 सस्ती हुई**

मुंबई, 28 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

28 सितंबर को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। 'इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन' के अनुसार, 24-कैरेट सोने (10 ग्राम) की कीमत 4,133 रु. घटकर 1.48 लाख रु. हो गई। चांदी (एक किलोग्राम) की कीमत 9,297 रु. घटकर 2.23 लाख रु. हो गई।

सितंबर में अब तक-यानी 28 दिनों में-सोना 8,000 रु. और चांदी 14,000 रु. सस्ती हुई है। 31 अगस्त को सोने की कीमत 1.56 लाख रु. प्रति 10 ग्राम थी, जो अब घटकर 1.48 लाख रु. हो गई है। इसी तरह, एक किलोग्राम चांदी की कीमत 2.37 लाख से घटकर 2.23 लाख हो गई है। अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में तेज बढ़ोतरी और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने की बढ़ती उम्मीदों ने सोने पर दबाव डाला है। (शेष पेज 2 पर)

एलपीयू प्रशासन ने रविवार को हुई गड़बड़ी के लिए बाहरी लोगों को ज़िम्मेदार ठहराया

- **यूनिवर्सिटी प्रशासन ने पुलिस और छात्रों के साथ बैठक की; दावा किया कि कैंपस में हालात सामान्य हो गए हैं**

फगवाड़ा, 28 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) में हिंसक विरोध-प्रदर्शन और उसके बाद कैंपस में शांति लौटने के एक दिन बाद, सोमवार को यूनिवर्सिटी प्रशासन ने पुलिस, सिविल प्रशासन और छात्रों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान, उन्होंने फिर से कहा कि पिछले दिन हुई गड़बड़ी के लिए बाहरी लोग ज़िम्मेदार थे।

प्रशासन ने यह भी कहा कि कैंपस सुरक्षित है और सामान्य गतिविधियां फिर से शुरू हो गई हैं।

एलपीयू के वाइस-चांसलर जसपाल सिंह ने एक बयान में कहा कि छात्र प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से माना कि अशांति मुख्य रूप से उन बाहरी लोगों की वजह से हुई जो शांति भंग करने के इरादे से गैर-कानूनी तरीके से कैंपस में घुस आए थे। बयान में कहा गया है कि मामले की जांच की जा रही है और कानून के अनुसार उचित कार्रवाई



की जाएगी।

बयान में जसपाल सिंह ने कहा, 'लगातार प्रयासों से, एलपीयू ने खुद को एक प्रमुख संस्थान के रूप में स्थापित किया है और पंजाब में उच्च शिक्षा के विकास और बदलाव में योगदान दिया है।' उन्होंने कहा, 'यूनिवर्सिटी ने सोशल मीडिया पर फैल रही जानकारी की (शेष पेज 2 पर)

सीबीडीटी ने आईटीआर फाइल करने की समय-सीमा 21 नवंबर तक बढ़ाई



नई दिल्ली, 28 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

सेंट्रल बोर्ड ऑफ़ डायरेक्ट टैक्सेस ने सोमवार को उन टैक्सपेयर्स के लिए असेसमेंट ईयर 2026-27 का इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की समय-सीमा बढ़ा दी, जिनके अकाउंट्स का इनकम टैक्स एक्ट, 1961 के तहत ऑडिट होना ज़रूरी है। सीबीडीटी के एक बयान के मुताबिक, पहले यह समय-सीमा 31 अक्टूबर, 2026 तय की गई थी; अब इसे 21 दिन बढ़ाकर 21 नवंबर, 2026 कर दिया गया है। टैक्स डिपार्टमेंट ने असेसमेंट ईयर 2026-27 के लिए इनकम टैक्स एक्ट के तहत ऑडिट रिपोर्ट जमा करने की समय-सीमा भी बढ़ा दी है। ऑडिट रिपोर्ट के लिए समय-सीमा (शेष पेज 2 पर)

उज्जैन शाही मस्जिद निर्माण विवाद

तीन फीट हिस्सा और दुकान हटाने पर बनी सहमति, हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद फैसला

इंदौर, 28 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

इंदौर हाईकोर्ट में सोमवार को उज्जैन की शाही मस्जिद से जुड़े निर्माण विवाद को लेकर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से विवाद का समाधान हो गया। इसके बाद न्यायालय ने समझौते की शर्तों को स्वीकार करते हुए याचिका का निराकरण कर दिया।

मामले में याचिकाकर्ता की ओर से विवादित निर्माण के करीब साढ़े 9 फीट हिस्से को हटाने की मांग की गई थी। निर्माण को लेकर विवाद सामने आने के बाद संबंधित पक्ष की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी।

सोमवार को सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के बीच चर्चा हुई। पक्षकारों ने न्यायालय के समक्ष आपसी सहमति से विवाद का समाधान करने का प्रस्ताव रखा। चर्चा के बाद दोनों पक्ष एक समझौते पर पहुंचे। समझौते के तहत करीब तीन फीट विवादित हिस्से को हटाने और एक दुकान को तोड़े जाने पर सहमति बनी।



दोनों पक्षों की सहमति

दोनों पक्षों की सहमति से तय शर्तों को न्यायालय के समक्ष रखा गया। कोर्ट ने समझौते की शर्तों को स्वीकार करते हुए याचिका का निराकरण कर दिया। अब संबंधित पक्ष समझौते के अनुसार विवादित हिस्से को हटाने और दुकान को तोड़ने की कार्रवाई करेंगे। मामले में शाही मस्जिद की ओर से अधिवक्ता कुलदीप पाठक ने पक्ष रखा। उन्होंने सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के बीच बनी सहमति और विवाद के समाधान की स्थिति से न्यायालय को अवगत कराया। मस्जिद के निर्माण से जुड़े हिस्से को लेकर स्थानीय स्तर पर विवाद की स्थिति बनी हुई थी। इसी विवाद के (शेष पेज 2 पर)

यौन उत्पीड़न मामले में बृजभूषण सिंह को नोटिस जारी

नई दिल्ली : दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कथित तौर पर यौन उत्पीड़न के मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को नोटिस जारी किया। इस मामले में बृजभूषण शरण सिंह को बरी किए जाने के फैसले को महिला पहलवानों ने चुनौती दी है।

राऊज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज दिग्विजय सिंह ने सोमवार को 4 महिला पहलवानों की याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान सेशन कोर्ट ने बृजभूषण शरण सिंह के साथ डब्ल्यूएफआई के पूर्व सचिव विनोद तोमर को भी नोटिस भेजा। इस मामले में अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को होगी।

बृजभूषण शरण सिंह और महिला पहलवानों के बीच यह विवाद 2023 में सामने आया था। कई नामी महिला पहलवानों ने आरोप लगाया था कि वर्ष 2016 से 2022 के बीच बृजभूषण शरण सिंह की ओर से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, ट्रेनिंग कैंप, डब्ल्यूएफआई कार्यालय और अन्य स्थानों पर उनके साथ अनुचित व्यवहार और यौन उत्पीड़न किया गया।

इस मामले में डब्ल्यूएफआई के पूर्व सचिव विनोद तोमर को सह-आरोपी बनाया गया। महिला पहलवानों की (शेष पेज 2 पर)

चुनाव आयोग के संयुक्त बयान से कांग्रेस और इंडी गठबंधन का झूठ बेनकाब : अशोक सैनी

हांसी, (पैग़ाम-ऐ-जगत)

चुनाव आयोग की बैठक और उसके बाद जारी संयुक्त प्रेस नोट ने कांग्रेस तथा विपक्षी इंडी गठबंधन द्वारा चुनाव प्रक्रिया को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम और लगाए जा रहे आरोपों की वास्तविकता जनता के सामने ला दी है। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने कही।

अशोक सैनी ने कहा कि तीनों चुनाव आयुक्तों की सर्वसम्मति से सभी फैसले लिए गए हैं, जिनमें एस.आई.आर. से संबंधित निर्णय भी शामिल हैं। ऐसे में चुनाव आयुक्तों के बीच कथित मतभेद का दावा पूरी तरह भ्रामक साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर लगातार सवाल उठाना विपक्ष की राजनीतिक रणनीति का हिस्सा बन चुका है।

उन्होंने कहा कि कैबिनेट सचिव को भेजे गए पत्र को लेकर भी विपक्ष का दावा बेनकाब हुआ है। पत्र को एसआईआर अथवा किसी नीतिगत विषय से जोड़कर जिस प्रकार की कहानी प्रस्तुत की गई, चुनाव आयोग की स्पष्टता के बाद उसकी वास्तविकता सामने आ गई।



अशोक सैनी ने कहा कि फॉर्म-6 में कोई बदलाव नहीं किया गया है और इसके प्रावधानों को लेकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय पहले ही निर्णय दे चुका है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और विपक्षी नेताओं द्वारा समय-समय पर ईवीएम को लेकर सवाल उठाने तथा चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर आरोप लगाने से भी जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया गया है।

उन्होंने 2019 के 'चौकीदार चोर है' मामले और 2016 में दिए गए 'खून की दलाली' जैसे राजनीतिक बयानों का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस को आरोपों की राजनीति के बजाय तथ्यों और संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा का सम्मान करना चाहिए।

अशोक सैनी ने कहा कि लोकतंत्र में सवाल पूछना सभी राजनीतिक दलों का अधिकार है, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाते समय तथ्यों और प्रमाणों का आधार होना आवश्यक है।

चुनाव आयोग की स्पष्टता के बाद जनता के सामने स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होने से कांग्रेस और इंडी गठबंधन का झूठा चेहरा पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। उन्होंने कहा कि लगातार संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर जनता को भ्रमित करने की राजनीति अब तथ्यों के सामने टिक नहीं रही है। देश की जनता सब देख और समझ रही है तथा आने वाले समय में कांग्रेस और इंडी गठबंधन को अपने इस झूठ और भ्रम की राजनीति का जवाब जनता के सामने देना होगा।

सरकार युवाओं को स्वास्थ्य, अनुशासन और राष्ट्र-निर्माण से जोड़ने के लिए खेलों पर जोर दे रही है : मुख्यमंत्री सैनी

चंडीगढ़, 28 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज ताऊ देवीलाल खेल परिसर, सेक्टर-3, पंचकूला के क्रिकेट मैदान में नमो क्रिकेट लीग-2026 के ग्रैंड फिनाले का उद्घाटन किया, जो युवाओं, खेल भावना और नशा मुक्त भारत बनाने के संकल्प का एक जीवंत उत्सव है।





- **मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में नमो क्रिकेट लीग-2026 के ग्रैंड फिनाले का उद्घाटन किया; नशा मुक्त भारत के लिए शपथ दिलाई**

इस अवसर पर, मुख्यमंत्री ने शहीद भगत सिंह को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, जो युवाओं के लिए प्रेरणा का एक स्थायी स्रोत हैं। ग्रैंड फिनाले के मैच 4 अक्टूबर तक जारी रहेंगे। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव श्री तरुण भंडारी भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। नमो क्रिकेट लीग-2026 की ट्रॉफी का हाल ही में पंचकूला में मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं अनावरण किया गया था।

सभा को संबोधित करते हुए, श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पांच राज्यों की 3,200 से अधिक टीमों और 50,000 से अधिक खिलाड़ियों ने नमो क्रिकेट लीग में भाग लिया है, जिसका आयोजन नशा दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कुल 32 टीमें अपने-अपने राज्यों में आयोजित मैचों में विजयी होकर ग्रैंड फिनाले चरण में पहुंची हैं। मुख्यमंत्री ने लीग से जुड़े सुदेश भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट, साझेदार संगठनों, आयोजन समिति, कोचों, स्वयंसेवकों और सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि लीग का नाम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और उनकी जनसेवा की प्रतिबद्धता से जुड़ा है। प्रधानमंत्री देश के युवाओं को इसकी सबसे बड़ी ताकत मानते हैं और उन्होंने स्वास्थ्य, अनुशासन, आत्मविश्वास, रोजगार और राष्ट्र-निर्माण को बढ़ावा देने में खेलों की भूमिका पर जोर दिया है।

मुख्यमंत्री ने खेलो इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट जैसी पहलों के साथ-साथ एथलीटों के लिए आधुनिक प्रशिक्षण प्रणालियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पहलों ने देश में एक नया खेल वातावरण बनाने में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि छोटे शहरों, गांवों और साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि के युवा एथलीट तेजी से अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल और खिलाड़ी हरियाणा की संस्कृति में गहराई से निहित हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के एथलीटों ने ओलंपिक, पैरालिंपिक, एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार मजबूत प्रदर्शन किया है।

हाल ही में ग्लासगो में आयोजित 23वें राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के प्रदर्शन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने 13 स्वर्ण, 17 रजत और 9 कांस्य सहित 39 पदकों के साथ पदक तालिका में चौथा स्थान हासिल किया। हरियाणा के खिलाड़ियों ने भारत की झोली में 11 पदकों का योगदान दिया, जिसमें 7 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं।

उन्होंने हरियाणा के एथलीटों की उपलब्धियों का श्रेय उनकी कड़ी मेहनत के साथ-साथ राज्य की खेल नीति को दिया, जो प्रतिभा की पहचान करने, खेल उपलब्धियों को सम्मानित करने और खेलों के लिए एक मजबूत आधार बनाने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेल नर्सरियों, आधुनिक स्टेडियमों, प्रशिक्षण सुविधाओं, नकद पुरस्कारों और सरकारी रोजगार के अवसरों के माध्यम से एथलीटों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में पदक विजेता एथलीट 6 करोड़ रुपये तक के नकद पुरस्कार के पात्र हैं। पिछले 12 वर्षों में, राज्य के 17,544 एथलीटों के बीच कुल 742 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार वितरित किए गए हैं, जबकि 260 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं।

उन्होंने आगे कहा कि खेल प्रतिभा को विकसित करने के लिए आधुनिक खेल बुनियादी ढांचा आवश्यक है। पिछले 12 वर्षों में राज्य में खेल बुनियादी ढांचे पर लगभग 1,100 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। जमीनी स्तर पर प्रतिभा की पहचान करने और उसे निखारने के लिए सरकार ने हरियाणा भर में 2,000 खेल नर्सरियां भी स्थापित की हैं। नमो क्रिकेट लीग के विषय पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य नशा दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता फैलाना और युवाओं को स्वस्थ और अनुशासित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे न केवल खुद नशे से दूर रहें बल्कि दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर, श्री नायब सिंह सैनी ने कार्यक्रम में उपस्थित एथलीटों और जनता के सदस्यों को नशा मुक्त भारत के लिए शपथ दिलाई। सूफी गायक कंवर ग्रेवाल ने कार्यक्रम के दौरान एक मनमोहक संगीत प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उपस्थित लोगों में अध्यक्ष श्री मोहन लाल कौशिक, मेयर श्री श्याम लाल बंसल, हरियाणा शिवालिक विकास बोर्ड के कार्यकारी उपाध्यक्ष श्री ओम प्रकाश देवीनगर, मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री भोपाल खदरी और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।

पराली प्रबंधन के लिए जागरूकता वैन को डिप्टी कमिश्नर द्वारा हरी झंडी दी गई

साहिबजादा अजीत सिंह नगर
28 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

डिप्टी कमिश्नर, एस.ए.एस. नगर श्रीमती कोमल मित्तल, (आई.ए.एस.), अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) श्रीमती सोनम चौधरी और मुख्य कृषि अधिकारी, एस.ए.एस. नगर डॉ. राकेश कुमार शर्मा द्वारा जिला प्रशासन और कृषि विभाग के सांझे प्रयास के तहत पराली की सुचारू संभाल, पराली जलाने के बुरे प्रभावों और इसके योग्य प्रबंधन संबंधी किसानों को जागरूक करने के लिए जागरूकता वैन को विभिन्न गांवों के लिए रवाना किया गया। इस मुहिम के तहत किसानों को पराली को आग लगाने की बजाय इसके योग्य प्रबंधन, खेत में मिलाने और इससे आमदन पैदा करने के तरीकों के बारे में जानकारी दी जा रही है। जागरूकता वैन के माध्यम से किसानों को बताया जा रहा है कि पराली जलाने से जहां हवा प्रदूषित होती है, वहां इसका मानवीय सेहत, पशुओं और वातावरण पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। इसके विपरीत पराली को आग न लगा कर इसकी सही संभाल की जाए तो यह किसानों के लिए अतिरिक्त आमदन का साधन भी बन सकती है।



डॉ राकेश कुमार शर्मा, मुख्य कृषि अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा पराली की गांठें बनाने के लिए किसानों को बेलर मशीनें भी सब्सिडी पर मुहैया करवाई गई हैं। किसान बेलरों की मदद से पराली की गांठें तैयार करके फैक्ट्रियों और अन्य यूनिटों को बेच रहे हैं और इस राह से अतिरिक्त मुनाफा भी कमा रहे हैं। जिले में लगभग 6-7 फैक्ट्रियां/ यूनिट मौजूद हैं, जो किसानों से पराली की गांठों की खरीद कर रहे हैं। मुख्य कृषि अधिकारी द्वारा किसानों से अपील की गई कि वे पराली को आग न लगाएं और सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही पराली प्रबंधन मशीनों और सब्सिडी स्कीमों का अधिक से अधिक लाभ लें। अधिक से अधिक किसानों को पराली प्रबंधन के लिए जरूरी मशीनें सब्सिडी पर मुहैया करवाई जा चुकी हैं ताकि किसान पराली का योग्य प्रबंधन कर सकें। उन्होंने कहा कि इस बार जिले में पराली जलाने की घटनाओं को जीरो तक लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जागरूकता वैन के माध्यम से गांव-गांव पहुंच कर किसानों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वातावरण की सुरक्षा, अपनी सेहत और आने वाली पीढ़ियों के अच्छे भविष्य के लिए पराली को आग न लगाई जाए और इसका योग्य प्रबंधन किया जाए। डिप्टी कमिश्नर दफ्तर से विभिन्न गांवों के लिए जागरूकता वैन को रवाना किया गया। इस मौके पर विभाग के विभिन्न अधिकारी और कर्मचारी हाजिर रहे। इस मौके पर गुरचरण सिंह, रुपिंदर सिंह, लखविंदर सिंह, सुरिंदर सिंह, अवतार सिंह, कमलदीप सिंह समेत विभाग के विभिन्न अधिकारी और कर्मचारी हाजिर थे।

अमेरिकी राजदूत वफद समेत सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में हुए नतमस्तक

एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी और ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज ने सूचना केंद्र में किया सम्मान

पैग़ाम-ऐ-जगत
अमृतसर, 28 सितंबर
(हरमिंदर सिंह नागपाल)

अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने आज 28 सदस्यीय वफद समेत सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में नतमस्तक हो कर गुरु घर के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। इस मौके पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी और श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज द्वारा अमेरिकी राजदूत का सचखंड श्री हरमंदिर साहिब का सुनहरी मॉडल, धार्मिक पुस्तकें और लोई देकर सम्मान किया गया।



इस मौके पर एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने अमेरिकी वफद का श्री हरमंदिर साहिब में पहुंचने पर स्वागत करते हुए कहा कि सचखंड श्री हरमंदिर साहिब समूची मानवता के लिए आध्यात्मिक प्रेरणा का केंद्र है, जहां हर धर्म, वर्ग और देश के लोग बिना किसी भेदभाव के नतमस्तक होने पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की विचारधारा समूची मानवता को बराबरी, सेवा और सरबत के भले का संदेश देती है। शिरोमणि कमेटी प्रधान ने बीते दिनों अमेरिका में सिंह शब्द का इस्तेमाल करके जारी हुए पोस्टर के मामले संबंधी भी अमेरिकी वफद के साथ चर्चा की उन्होंने कहा कि भले ही शिरोमणि कमेटी द्वारा मेल के माध्यम से किए गए एतराज के बाद यह पोस्ट हटा दिया गया था पर आगे ऐसा न हो इसलिए जरूरी कदम उठाने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा कि अमेरिका के विकास में पंजाबियों और खासकर सिखों का बड़ा योगदान है और सरकार को यहां बसते हर भाईचारे की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने चाहिए।

इसी दौरान सिंह साहिब ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज ने कहा कि सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में दुनिया भर से विभिन्न देशों और धर्मों से संबंधित श्रद्धालु पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु घर की परंपरा अनुसार हर आने वाले का सत्कार किया जाता है और गुरु साहिब की पावन हजूरी में मानवता की भलाई और आपसी सदभावना की कामना की जाती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ सिख कौम का पुराना नाता है महाराजा रणजीत सिंह की फौज में कई अधिकारी थे जो अमेरिका से संबंधित थे। उन्होंने बताया कि अमेरिकी वफद के साथ वहां बसते सिखों के मामलों को भी विचारा गया है।

इस दौरान अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने श्री हरमंदिर साहिब की पावन मर्यादा, गुरबाणी कीर्तन और गुरु घर की सेवा-परंपरा के बारे में जानकारी प्राप्त की। विजिटर बुक में अपनी भावनाएं प्रकट करते हुए उन्होंने लिखा एक खास जगह पर वापस आने में मान महसूस हो रहा है। वह 15 साल पहले भी यहां नतमस्तक होने आए थे।

इस मौके पर ओएसडी स. सतबीर सिंह धामी, शिरोमणि कमेटी के सचिव स. बलविंदर सिंह काहलवां, निजी सचिव स. शाहबाज सिंह, अतिरिक्त सचिव स. जसविंदर सिंह जस्सी, उप सचिव स. हरभजन सिंह, श्री दरबार साहिब के जनरल मैनेजर स. मेजर सिंह, सूचना अधिकारी स. अमृतपाल सिंह, स. रणधीर सिंह, स. जतिंदर सिंह, अमेरिका के वफद मेंबर राजदूत सर्जियो गोर के अलावा, ब्रियाना मास्ट, चेयरमैन ब्रायन मास्ट की पत्नी, गैलाघर, जन्ना गैलाघर, प्रतिनिधि थानेदार, शशि थानेदार, प्रतिनिधि पैट्रोनिस, स्टीवंस आदि मौजूद थे।

सेवा संकल्प अभियान के हिस्से के तौर पर रक्तदान कैंप आयोजित

मंत्री विज ने हरेक रक्तदान करने वाले को स्वैच्छिक फंड में से 11-11 सौ रुपये देने का किया ऐलान

पैग़ाम-ऐ-जगत/अंबाला,
28 सितंबर (आर.सिंह)

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन और जन सेवा के प्रति उनके 25 सालों के समर्पण को याद करने के लिए, भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सेवा संकल्प/सेवा सेतु अभियान के हिस्से के तौर पर आज अंबाला छावनी के महेश नगर स्थित श्री बांके बिहारी धर्मशाला में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक रक्तदान कैंप लगाया गया। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने इस समारोह में मुख्य मेहमान के तौर पर शिरकत की और रक्तदानियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने दानियों से बातचीत की और बैज भेंट किए और हरेक रक्तदान करने वाले को अपने स्वैच्छिक फंड में से 1,100-1100 रुपये देने का ऐलान किया। इस मौके पर नगर कौंसिल प्रधान स्वर्ण कौर, विजेंद्र चौहान, हर्ष बिंद्रा, नरेश शर्मा, सुरिंदर बिंद्रा, पुनीत सरपाल, प्रवेश सोबती, सूरज राणा, बबलू पहलवान, आरती सहगल, विजय कुमार बबलू, पार्षद जसबीर जस्सी, गुरदेव शर्मा, बलकेश वत्स, नेहा पुरी, अर्चना शर्मा आदि हाजिर थे।



पेज एक का शेष

भारत को एशियन...

भारत मेडल टैली में 12वें स्थान पर है। शूटिंग में भारत के 12 मेडल हो गए हैं, जिसमें 1 गोल्ड, 7 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज शामिल हैं।

कुपवाड़ा में कार...

इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। यातायात विभाग और संसदीय आंकड़ों के अनुसार, जम्मू-कश्मीर में गंभीर सड़क हादसों और उनमें होने वाली मौतों का सबसे बड़ा कारण तेज रफ्तार है। अचानक ओवरटेक करना, गलत और खतरनाक तरीके से वाहन चलाना तथा लेन के नियमों का पालन न करना आमने-सामने की जानलेवा टक्कर का कारण बनता है।

शेयर बाजार में...

बॉन्ड प्रतिफल में भी वृद्धि दर्ज की गई। रुपये में गिरावट ने भी निवेशकों की चिंता बढ़ाई। विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा पूंजी निकासी भी गिरावट का एक कारण रही। इन सभी के साथ कमजोर वैश्विक संकेतों ने बाजार पर नकारात्मक असर डाला।

मोगा में 12...

से बरामद हेरोइन बारे गहराई से पूछताछ की जा रही है तथा पूछताछ के दौरान अन्य महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में सोलव सिंह उर्फ जानी और बलजिंदर सिंह उर्फ लवली के खिलाफ वर्ष 2024 में थाना अमीर खास में एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है, जबकि मनप्रीत सिंह उर्फ गोनी के खिलाफ भी विभिन्न थानों में वर्ष 2023, 2025 और 2026 में आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी पुलिस रिकॉर्ड में है।

बठिंडा ज़िले में...

युवकों के एक समूह ने धारदार हथियारों से उस पर हमला किया। सूत्रों के मुताबिक, यह हमला पुरानी रंजिश का नतीजा था। खबरों के अनुसार, सिमरनप्रीत पर उसके दोस्त मनप्रीत सिंह (सिरियेवाला का निवासी) के साथ हमला किया गया था; मनप्रीत को रामपुरा फूल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी मौके से भाग गए। पुलिस ने सिमरनप्रीत के पिता कुलवंत सिंह की शिकायत के आधार पर लगभग दस लोगों के ख़िलाफ़ हत्या का मामला दर्ज किया है। बठिंडा के एसएसपी सुहेल कासिम मीर ने कहा, 'हम शराब की दुकान के कर्मचारी की हत्या के सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं। सिरियेवाला मामले में, घटना एक लड़की से जुड़े विवाद के कारण हुई। दो आरोपियों को गिरफ़्तार कर लिया गया है।'

2000 रु. से...

0.4 प्रतिशत शुल्क लागू किया है। हालांकि, रोजमर्रा के व्यक्ति-से-व्यक्ति लेनदेन और छोटे भुगतानों को किसी भी शुल्क से स्पष्ट रूप से बाहर रखा गया है।

वहीं 75,000 रुपये और उससे अधिक के भुगतान पर एमडीआर अधिकतम 300 रुपये होगा। रेलवे, दूरसंचार, बीमा, ईंधन और कृषि आदान जैसे आवश्यक तथा कम 'मार्जिन' वाले क्षेत्रों के लिए 2,000 रुपये से अधिक के प्रत्येक लेनदेन पर पांच रुपये का तय एमडीआर होगा।

सोने की कीमत...

जुलाई और अगस्त में लगभग 11 प्रतिशत की बढ़त के बाद, सोना इस महीने अब तक लगभग 6 प्रतिशत गिर चुका है। फिलहाल, ग्लोबल मार्केट में सोना 2.58 प्रतिशत की गिरावट-.111 की कमी-के साथ 4,209 पर ट्रेड कर रहा है।

इस बीच, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर अक्टूबर डिलीवरी के लिए सोना 2.25 प्रतिशत गिरा; यह 3,473 रु. घटकर 1,47,408 रु. प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा है। सोने के लिए सबसे बड़ी चुनौती अमेरिकी ब्याज दरों को लेकर बदलती उम्मीदें हैं। सीएमई फेडवॉच के अनुसार, अक्टूबर में फेड द्वारा ब्याज दरों में 25 बेसिस पॉइंट की बढ़ोतरी की संभावना अब 68 प्रतिशत है, जो एक हफ्ते पहले 57 प्रतिशत थी। सोने जैसी संपत्तियों-जिनसे निवेशकों को नियमित ब्याज या आय नहीं मिलती-का आकर्षण तब कम हो जाता है जब ब्याज दरें और बॉन्ड यील्ड बढ़ती हैं।

एलपीयू प्रशासन ने...

समीक्षा की है और बेबुनियाद और झूठे दावों को पूरी तरह से खारिज करती है। एलपीयू छात्रों, अभिभावकों और आम लोगों से अपील करती है कि वे केवल सत्यापित जानकारी पर भरोसा करें और सोशल मीडिया पर मौजूद फर्जी कंटेंट पर ध्यान न दें।' गौरतलब है कि तीन दिन पहले, कुछ प्रदर्शनकारियों ने हॉस्टल की एक छात्रा के कथित रेप के आरोपों को लेकर कैंपस में हंगामा किया था; इस घटना के दौरान, हिंसक भीड़ ने तोड़फोड़ की और पुलिस की गाड़ियों में आग लगा दी। प्रशासन पहले ही इन दावों को महज अफवाह बताकर खारिज कर चुका है।

सीबीडीटी ने आईटीआर ...

पहले 30 सितंबर, 2026 तय की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 21 अक्टूबर, 2026 कर दिया गया है।

दोनों पक्षों की...

चलते मामला हाई कोर्ट पहुंचा था। याचिका में करीब साढ़े 9 फीट निर्माण हटाने की मांग की गई थी, लेकिन सुनवाई के दौरान आपसी सहमति से करीब तीन फीट हिस्सा हटाने और एक दुकान तोड़ने पर सहमति बनी। अदालत द्वारा याचिका का निराकरण किए जाने के बाद अब समझौते के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

यौन उत्पीड़न मामले...

शिकायतों के आधार पर, पुलिस ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। 15 जून 2023 को पुलिस ने कई धाराओं के तहत अपराधों के लिए बृजभूषण के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल की। ट्रायल कोर्ट ने 10 मई 2024 को मामले में बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न व महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप तय किए थे।

3 अगस्त को मामले में दिल्ली की मजिस्ट्रेट कोर्ट ने बृजभूषण सिंह और विनोद तोमर को बरी कर दिया। चार महिला पहलवानों ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के 3 अगस्त के आदेश के खिलाफ सेशन कोर्ट का रुख किया है। इस मामले में सह-आरोपी विनोद तोमर की बरी होने के आदेश को भी चुनौती दी गई है।

भारी बारिश भी नहीं डिगा सकी कांग्रेसियों का हौसला; लोकतंत्र और वोट की रक्षा के लिए महात्मा गांधी चौक पर प्रदर्शन

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
28 सितंबर (प्रवीण वालिया)

- **करनाल कांग्रेस का रोष प्रदर्शन: मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग**

मताधिकार की रक्षा, चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्ष चुनाव की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) एवं जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) ने महात्मा गांधी चौक पर भारी बारिश के बीच जोरदार रोष प्रदर्शन किया। तेज बारिश के बावजूद भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह कम नहीं हुआ। इस प्रदर्शन की अगुवाई पूर्व मंत्री राव दान सिंह ने की। प्रदर्शन के समापन पर भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतले का दहन किया गया।



प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राव दान सिंह ने कहा, 'यह लड़ाई किसी कुर्सी की नहीं, बल्कि उस आम आदमी के अधिकार की है जिसके पास न सत्ता है, न बड़ा पद और न ही ताकत। उसके हाथ में सिर्फ एक वोट है। यही वोट सरकार बनाता है और जरूरत पड़ने पर सरकार बदलता भी है।' उन्होंने आगे कहा कि अगर मतदाता सूची से नाम कटने और चुनाव प्रक्रिया को लेकर सवाल उठ रहे हैं, तो जनता निश्चित रूप से जवाब मांगेगी। राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' के गंभीर सवाल उठाए हैं। अगर ये आरोप गलत हैं तो पारदर्शी जवाब दीजिए, और अगर इन सवालों में थोड़ी भी सच्चाई है तो जिम्मेदारी तय कीजिए। राव दान सिंह ने स्पष्ट किया कि जनता का वोट किसी सत्ता की जागीर नहीं है; लोकतंत्र में सरकार जनता ही बनाती है और जनता ही बदलती है। जनता के वोट की ताकत पर उठे हर सवाल का जवाब जनता के सामने देना ही होगा।

जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) के जिलाध्यक्ष पराग गाबा ने कहा कि जनता अपने अधिकार का हिसाब मांग रही है। उसका वोट सिर्फ एक निशान नहीं, बल्कि उसकी आवाज, उसका सम्मान और अपने भविष्य का फैसला करने की ताकत है। उन्होंने कहा कि अगर किसी नागरिक का नाम मतदाता सूची से कटता है, तो सिर्फ एक नाम नहीं कटता, बल्कि उसकी लोकतांत्रिक आवाज कमजोर होती है। 'वोट चोरी' और मतदाता सूचियों को लेकर उठे हर सवाल का जवाब पारदर्शिता से देना होगा। पराग गाबा ने कहा कि सत्ता बदलने की ताकत जनता के वोट में निहित है। यह ताकत किसी भी परिस्थिति में कमजोर नहीं पड़नी चाहिए। जनता को यह भरोसा चाहिए कि उसका वोट पूरी तरह सुरक्षित है और उसकी आवाज गिनी जाएगी। इसी जनविश्वास की रक्षा के लिए कांग्रेस मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रही है।

जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष राजेश वैद ने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत उस आम मतदाता के हाथ में है जो अपने एक वोट से सरकार चुनता है। चाहे किसान हो, मजदूर, व्यापारी या नौजवान-हर किसी का वोट बराबर है। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कहा कि जिस आम आदमी के पास न पैसा है, न सत्ता और न कोई बड़ा पद, उसके हाथ में सिर्फ उसका वोट ही सबसे बड़ी ताकत है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से सुमिता सिंह, बिंदर पोसवाल, रामशरण भोला, दिलशेर डाचर, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महामंत्री रमेश सैनी, सुरजीत सैनी, ललित आहूजा, लाडी संधू, पंकज गाबा, परवीन पुनिया, तेजी मान, राजिंदर कल्याण, राजेश चौधरी, सोनी कूटेल, राम चन्द, जितेंद्र, सुरजीत सैनी, सिराज चौधरी, युवराज भट्टी, सपना राणा, सुरेश काछवा एवं राकेश डाकवाला सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संपादक-दविंदर कुमार प्रिंटर, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकिंग लिमिटेड, प्लॉट 22 और 49 जीएफ, इंडस्ट्री एरिया, फेज-2 पंचकुला (हरियाणा) से प्रकाशित Title code : CHAMUL00914
Editor-Davinder Kumar printed at Impression Printing & Packaging Ltd.Plot 22 & 49GF, Industrial Area, Phase-2 Panchkula(Haryana)-134115

संगीत कार्यक्रम 'सुरीला सफर 30' में गायक कलाकारों ने मचाई धूम, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध







फिल्म अभिनेत्री पूनम ढिल्लों स्टार अतिथि के रूप में पहुंचीं

पैग़ाम-ऐ-जगत/चंडीगढ़
27 सितंबर (परमजीत सिंह परवाना)

पिछले शनिवार शाम को यहां टैगोर थिएटर में 'सुरिला सफर 30' के नाम से खूबसूरत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गायन को प्रमुखता दी गई। हिंदी फिल्म संगीत के स्वर्णिम युग के सदाबहार गीतों को सुनकर आत्मा को तृप्ति मिली। बाहर हल्की बारिश के साथ मौसम सुहावना हो गया, वहीं थिएटर के भीतर सुरीले गायक कलाकारों ने मनमोहक संगीतमय वातावरण बना दिया, जो बेहद आनंददायक था।

यह बसंत गिरिजा श्री सोसाइटी की ओर से कला एवं संस्कृति विभाग (हरियाणा), बिहार फाउंडेशन (पंचकुला) और चंडीगढ़ संगीत कला अकादमी के सहयोग से आयोजित एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का अवसर था। हरियाणा के पूर्व गृह सचिव डॉ. एस. एस. प्रसाद और उनकी पत्नी श्रीमती रंजू प्रसाद ने इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया और इसे भारत रत्न लता मंगेशकर और नारी शक्ति को समर्पित किया। बॉलीवुड अभिनेत्री पूनम ढिल्लों मुख्य अतिथि थीं और हरियाणा के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा प्रमुख अतिथि के रूप में पहुंचे। इस अवसर पर डॉ. अलका राव, ममता सोढ़ा, मुकेश कुमारी, सोना देवी, मुन्नी देवी, दर्शना देवी, नीरजा चौहान, अमिका राणा, उर्मिला और अलका सहित कई प्रमुख महिलाओं को उनके अनूठे योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

सिंगिंग राउंड में रंजू प्रसाद और एस एस प्रसाद के अलावा संजीव भूटानी, ऑल इंडिया रेडियो के पूर्व उद्घोषक परमजीत सिंह परवाना (पटियाला), रविंदर कौर, आरसी दास-प्रिया, अनीता रतन, सुरिंदर कक्कड़, दविंदर भोला, मीना भट्ट, नीना भाटिया, कंचन जैन, शिखा विज, नवीन कुमार, सुखविंदर सिंह भमरा, प्रिंस शर्मा, अभिजीत, विनय गोयल, गीत गोयल, विक्रमजीत ग्रोवर और कई अन्य कलाकारों ने अपनी पूरी प्रतिभा दिखाई। दर्शक पूरी तरह से मंत्रमुग्ध हुए और गायक कलाकारों को भरपूर तालियाँ दीं। 13 संगीतकारों के संगीत ने सोने पर सुहागे वाला काम किया। संगीत अरेंजर और मुख्य गिटारवादक सुरिंदर शैरी के नेतृत्व में वेवल शर्मा, गुरविंदर लवली, डॉ.दिनेश रहेजा, राजीव मेनन, तिलक राज शर्मा, हिमांशु शर्मा, विनोद शर्मा, रमेश जूनियर, सरबजीत शिबू, अरुण मनकोटिया, के.सी. वैष्णव और गोगी ने लगभग 40 कलाकारों के लिए बहुत मेहनत की। दर्शकों ने उनकी मेहनत की भरपूर सराहना की। श्रीमती रंजू प्रसाद ने कार्यक्रम की अपार सफलता के लिए सभी को, विशेष रूप से अभिनेत्री पूनम ढिल्लों और चंडीगढ़ के दर्शकों का धन्यवाद किया।

थैलेसीमिक चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा चीमा बॉयलर्स में 342वां रक्तदान शिविर आयोजित, 101 लोगों ने किया रक्तदान

पैग़ाम-ऐ-जगत
चंडीगढ़, (हरमिंदर नागपाल)

पीजीआईएमईआर के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग और थैलेसीमिक चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मैसर्स चीमा बॉयलर्स लिमिटेड के सहयोग से 342वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 101 स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

शिविर का उद्घाटन CBL के प्लांट मैनेजर संदीप पपनेजा ने किया और उन्होंने स्वयं भी रक्तदान किया। 80वीं बार रक्तदान करने पर प्रोडक्शन मैनेजर राजेश शर्मा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। संदीप पपनेजा और एचआर मैनेजर सुचिता सिंह ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र, बैज और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। शिविर में थैलेसीमिया जागरूकता डेस्क भी स्थापित किया गया, जहाँ विवाह से पहले एचपीएलसी टेस्ट कराने के महत्व



के बारे में जानकारी दी गई। TCT के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ए.पी. सिंह, सदस्य सचिव राजिंदर कालरा और विकास मक्कड़ ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। पीजीआई के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के प्रमुख प्रो. (डॉ.) आर.आर. शर्मा और ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने CBL के डायरेक्टर-ऑपरेशंस दविंदर सिंह बराड़, प्रबंधन और रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। आयोजकों ने बताया कि 1 अक्टूबर 2026 को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर पीजीआई चंडीगढ़ के ब्लड डोनेशन कॉम्प्लेक्स में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा, जिसके लिए उन्होंने सामाजिक संस्थाओं और आम जनता से बढ़-चढ़कर रक्तदान करने की अपील की।

शिव शक्ति अनाथ आश्रम में जन कल्याण सहयोग ट्रस्ट ने लगाया लंगर, आश्रितों को कराया भोजन

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

सामाजिक संस्था जन कल्याण सहयोग ट्रस्ट की ओर से आज हांसी स्थित शिव शक्ति अनाथ आश्रम में लंगर लगाकर आश्रम में रहने वाले आश्रितों को भोजन कराया गया। संस्था के सदस्यों ने आश्रम पहुंचकर सेवा कार्य में भाग लिया और जरूरतमंदों के साथ समय बिताया।

इस अवसर पर संस्था की प्रधान शमा मल्होत्रा ने कहा कि जन कल्याण सहयोग ट्रस्ट का प्रयास है कि जरूरतमंद लोगों की हर संभव मदद की जाए। उन्होंने कहा कि समाज के जरूरतमंद वर्ग तक सहायता पहुंचाना संस्था की प्राथमिकता है। इसी कड़ी में आज शिव शक्ति अनाथ आश्रम में लंगर लगाया गया और आश्रम में रहने वाले आश्रितों को भोजन कराया गया।

उन्होंने कहा कि सेवा कार्य



केवल एक दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि समाज के सक्षम लोगों को जरूरतमंदों की मदद के लिए लगातार आगे आना चाहिए। संस्था भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक और जनसेवा से जुड़े कार्य करती रहेगी।

संस्था की खजांची रजनी वर्मा ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा समय-समय पर ऐसे सेवा कार्य किए जाते हैं और भविष्य में भी जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए संस्था लगातार प्रयास करती रहेगी। उन्होंने समाज के लोगों से भी सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की।

वहीं संस्था के सहसचिव व लीगल एडवाइजर एडवोकेट राजेंद्र कुमार ने कहा कि जन कल्याण सहयोग ट्रस्ट जनता के सरोकारों से जुड़ी संस्था है। संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाना और समाज में सेवा भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए।

संस्था के उपप्रधान कृष्ण इलावादी ने कहा कि जन कल्याण सहयोग ट्रस्ट का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि शिव शक्ति अनाथ आश्रम में लंगर लगाकर आश्रितों को भोजन करवाना संस्था के लिए सेवा और संतोष का विषय है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति अपनी सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। संस्था आगे भी जनसेवा से जुड़े कार्यों को निरंतर जारी रखेगी। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने आश्रम में सेवा कार्य में सहयोग किया। लंगर के माध्यम से आश्रितों को भोजन करवाकर संस्था ने सामाजिक सेवा और मानवता का संदेश दिया। इस दौरान संस्था की प्रधान शमा मल्होत्रा, उप प्रधान कृष्ण इलावादी, सचिव राहुल जैन, सह सचिव राजेंद्र कुमार,खजांची रजनी वर्मा, अनीता,प्रेमलता,शाहिल आदि मौजूद रहे।

चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग करते हुए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने रोष मार्च किया

पैग़ाम-ऐ-जगत/अंबाला
28 सितंबर (आर.सिंह)

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशों का पालन करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अंबाला ने आज सुबह मानव चौक में चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग करते हुए रोष मार्च का आयोजन किया। अंबाला लोकसभा सांसद चौधरी वरुण चौधरी और अंबाला शहर के विधायक चौधरी निर्मल सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस रोष मार्च में जिला और ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारियों, पार्षद, वार्ड प्रधान, फ्रंटल संगठन के अधिकारियों और बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए।

रोष मार्च के दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग करते हुए नारेबाजी की और बाद में मानव चौक में निर्धारित समय



अनुसार जोरदार प्रदर्शन करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, नरेंद्र मोदी और अमित शाह के पुतले जलाए। अंबाला लोकसभा सांसद चौधरी वरुण चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का वोट सबसे महत्वपूर्ण है और चुनाव प्रक्रिया में जनता का विश्वास बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया, मतदाता सूचियों और चुनाव से संबंधित मुद्दों के बारे में उठाए गए सवालों को पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से स्पष्ट किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक और संवैधानिक ढंग से जन मुद्दों को उठाती रहेगी और चुनाव प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग करती रहेगी।

अंबाला शहर के विधायक चौधरी निर्मल सिंह ने कहा कि आज बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता एकजुट हुए हैं और लोकतांत्रिक ढंग से अपना विरोध दर्ज करवाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती और जन अधिकारों की रक्षा की वकालत की है। जिला कांग्रेस कमेटी, अंबाला (शहरी) के प्रधान पवन अग्रवाल ने कहा कि आज का रोष मार्च जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों और संगठन के विभिन्न सेलों के अधिकारियों और कार्यकर्ताओं की एकता का प्रतीक है। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी और ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारी जिनमें ब्लॉक प्रधान विनोद धीमान, राकेश मेहलान, सीनियर कांग्रेसी नेता हिम्मत सिंह, अशोक मेहता, ब्रह्मपाल राणा, अमीषा चावला, रोहित विशू, मिथुन वर्मा, बलजीत रंगा, हरमन हैरी, रविंदर गुप्ता, पुरुषोत्तम, जरनैल सिंह, गौरव कुकरेजा, किरण राणा, कमल बाछल, कमलजीत सिंह विरक शामिल थे।

वर्ल्ड हार्ट डे 2026: दिल की धड़कन पर ध्यान दें

चंडीगढ़, 28 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

हर साल 29 सितंबर को मनाए जाने वाले 'वर्ल्ड हार्ट डे' का मकसद हार्ट अटैक, स्ट्रोक, हार्ट फेलियर और दिल से जुड़ी अन्य बीमारियों के बारे में जागरूकता फैलाना है। 2026 के लिए इसकी थीम 'डोंट मिस ए बीट' (दिल की धड़कन पर ध्यान दें) है, जो दिल की बीमारी के शुरुआती संकेतों को पहचानने, तुरंत कदम उठाने और बीमारी से बचाव व समय पर इलाज पर ज़ोर देती है।

PGIMER चंडीगढ़ के एडवांस्ड कार्डियक सेंटर में कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रो. यश पॉल शर्मा ने विभाग की सेवाओं और प्रगति के बारे में जानकारी दी। 3 नवंबर 2009 को स्थापित इस एडवांस्ड कार्डियक सेंटर को 2023 में न्यूज़वीक-स्टैटिस्टा ने कार्डियोलॉजी के लिए दुनिया के बेहतरीन स्पेशलाइज़्ड अस्पतालों में शामिल किया था। सेंटर में चार कार्डियक कैथ लैब हैं और पांचवीं लैब अभी बनाई जा रही है। यहाँ रोबोटिक कैथ लैब, IVL थेरेपी, ष्ट्ज़ इंटीग्रेशन, इकोकार्डियोग्राफी, TMT, होल्टर मॉनिटरिंग और ABPM जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं।विभाग के अनुसार, 2025-26 के दौरान कार्डियोलॉजी के कुल 1,70,189 मामले दर्ज किए गए। इस दौरान 11,789 कैथ लैब प्रक्रियाएँ, 5,226 कोरोनरी इंटरवेंशन, 2,27,546 ECG और 32,255 ट्रांसथोरेसिक इकोकार्डियोग्राम किए गए। विभाग कई तरह की सेवाएँ देता है, जिनमें एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम, हार्ट फेलियर, स्ट्रक्चरल हार्ट डिज़ीज़ और इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी के साथ-साथ बच्चों के कार्डियक इंटरवेंशन और कार्डियक ट्रांसप्लांट शामिल हैं। विभाग ने सलाह दी है कि डायबिटीज़ या हाई ब्लड प्रेशर वाले हर व्यक्ति को कार्डियोवैस्कुलर चेक-अप करवाना चाहिए, भले ही उनमें कोई लक्षण न दिखें। डायबिटीज़, हाई ब्लड प्रेशर, हाई कोलेस्ट्रॉल, मोटापा, धूम्रपान, शराब का सेवन, कम शारीरिक गतिविधि और ज़्यादा नमक का सेवन इसके मुख्य जोखिम कारक हैं। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, एनीमिया, नींद की समस्याएँ और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की कमी को भी उभरते हुए जोखिम कारकों के रूप में पहचाना गया है। नमक और चीनी का सेवन कम करने, फाइबर और प्रोटीन से भरपूर डाइट लेने, रोज़ाना 35-40 मिनट टहलने और अच्छी नींद लेने की सलाह दी जाती है। लोगों से कहा जाता है कि अगर सीने में दर्द या दबाव महसूस हो, दर्द हाथ, जबड़े या पीठ तक फैले, अचानक सांस लेने में दिक्कत हो, ठंडे पसीने आएं, जी मिचलाए या चक्कर आए, तो तुरंत 112 पर कॉल करें।

व्यक्तित्व, कृतित्व और लोक मंच की खुशबू सुरजीत कौर धालीवाल

गुरदासपुर एडमिंटन कनाडा
(पैग़ाम-ऐ-जगत/बलविंदर बालम)

सुरजीत कौर धालीवाल उम्र की लगभग 75 बहारें देख चुकी हैं। उन्होंने स्कूल से उच्च शिक्षा तक रंगमंच और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई। नाटकों में विभिन्न भूमिकाएं निभाने के साथ उन्होंने कई मान-सम्मान हासिल किए। निजी जीवन में उन्होंने मेहनत, दिलेरी, निडरता, सरलता और पारदर्शिता को तरजीह दी, जबकि लेखनी, बोलियों और सांस्कृतिक मेलों के माध्यम से पंजाबी विरसे को जीवंत रखने के लिए प्रयास किए।

सुरजीत कौर का जन्म सन 1950 में गांव भंगां, जिला लुधियाना में सरदार ठाकुर सिंह खैरा और माता धन कौर के घर हुआ। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा गांव के स्कूल से, दसवीं सरकारी हाई स्कूल पखोवाल, बी.ए. गोबिंद नेशनल कॉलेज नारंगवाल और एम.ए. इकोनॉमिक्स सरकारी कॉलेज लुधियाना से की। इसके बाद उन्होंने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में क्लर्क के तौर पर नौकरी शुरू की।

सन 1971 में उनका विवाह सरदार गुरमेल सिंह धालीवाल से हुआ। बैंक की नौकरी छोड़ने



के बाद उन्होंने बी.एड. की और सरकारी हाई स्कूल कलसियां में अध्यापक के तौर पर सेवा शुरू की। बाद में सरकारी मिडल स्कूल नरीर खुर्द में सेवा निभाई। दस साल बाद इकोनॉमिक्स लेक्चरर के तौर पर तरक्की मिली और पखोवाल स्कूल में प्रिंसिपल की जिम्मेदारी भी निभाई। सन 2008 में सेवानिवृत्त हुए।

पिता की प्रेरणा से उन्होंने तीसरी जमात से ही कविताएं और बोलियां डालनी शुरू कर दी थीं। स्कूल और कॉलेज में नाटकों, गिद्दे और भाषण मुकाबलों में हिस्सा लिया। दिसंबर 2005 में कनाडा जाने के बाद भी यह सिलसिला जारी रहा। प्रसिद्ध नाटककार अजमेर सिंह औलख के नाटक 'न्यू जड़' में मां की भूमिका निभाई, जिसकी एडमिंटन, कैलगरी और सरे में पेशकश हुई। उन्होंने कई लघु फिल्मों में काम करने के साथ शमा सेंटर के लिए लघु फिल्में लिखीं।

वह टीचर एसोसिएशन, सिख फेडरेशन, शमा सेंटर और हेरिटेज सोसाइटी से भी जुड़े रहे। तीज के मेलों में गिद्दा, सुहाग, घोड़ियां, सिठणियां और सांस्कृतिक गीतों के मुकाबले करवाते हैं। 2023 में उन्होंने 'बब्बे नंबर वन' और बाद में 'बेबे नंबर 1' का खिताब हासिल किया। जून 2025 में उन्हें किंग चार्ल्स तृतीय कोरोनेशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

अपने पुत्र नवदीप सिंह धालीवाल की मौत के बाद उन्होंने उसके 8 अंग एडमिंटन के रॉयल अलेक्जेंड्रा अस्पताल में दान किए। अपनी सांस्कृतिक गतिविधियों से प्रेरित होकर वह पंजाबी बोलियों की पुस्तक छपवाना चाहते हैं, ताकि आने वाली पीढ़ियां पंजाबी विरासत और पुराने संस्कृति से जुड़ी रहें।

कार्डियक केयर पर मैक्स अस्पताल का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



चंडीगढ़, 28 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

सोमवार को विश्व हृदय दिवस के अवसर पर, मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, मोहाली ने कार्डियक केयर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मैक्स के डॉक्टरों द्वारा हृदय स्वास्थ्य पर जानकारीपूर्ण जागरूकता सत्र, और निवारक स्वास्थ्य संदेश दिए गए।

जागरूकता और मनोरंजन के मेल वाली इस पहल ने दर्शकों को हृदय स्वास्थ्य को केवल एक चिकित्सीय प्राथमिकता के रूप में नहीं, बल्कि एक लंबे, स्वस्थ और अधिक संतोषजनक जीवन जीने के अनिवार्य हिस्से के रूप में देखने के लिए प्रोत्साहित किया। डायरेक्टर एवं सीओओ-हॉस्पिटल ऑपरेशंस, डॉ. सिमरदीप एस. गिल ने कहा, 'स्वास्थ्य सेवा अस्पताल की दीवारों तक सीमित नहीं है। इस तरह की पहलों के माध्यम से, हमारा उद्देश्य समाज के साथ सार्थक जुड़ाव बनाना और निवारक स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूकता पैदा करना है। हम स्वस्थ समुदायों के निर्माण में एक सक्रिय भागीदार बनने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

जींद में होने वाली 39वीं राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए फतेहाबाद जिले के 25 तीरंदाज खिलाड़ी भाग लेगें



पैगाम-ऐ-जगत/रतिया
28 सितंबर (एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

जींद में होने वाली 39 वीं राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए फतेहाबाद जिले के 25 तीरंदाज खिलाड़ी भाग लेंगे। इस संबंध में स्वर्ण सिंह रतिया, जिला अध्यक्ष एवं ज्वाइंट सेक्रेटरी, हरियाणा तीरंदाजी संघ ने को बताया कि फतेहाबाद जिले के तीरंदाज इंडियन राउंड, रिकर्व एवं कंपाउंड इवेंटो में जूनियर एवं सीनियर वर्ग में फतेहाबाद जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। फतेहाबाद जिले से 3 कोचेस की ड्यूटी लगाई गई है।

जिसमें राजेश कुमार सिवाच ,जवाहर नवोदय विद्यालय,सुशील कुमार टोहाना और गुरमीत कुमार बहबलपुर शामिल है।उन्हें फतेहाबाद जिले के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

पीजीआई में मस्कुलोस्केलेटल और ब्रेस्ट इमेजिंग पर 5वां पाठ्यक्रम आयोजित

चंडीगढ़, 28 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

एआईआईएमएस-एमएएमसी-पीजीआई श्रृंखला के अंतर्गत मस्कुलोस्केलेटल और ब्रेस्ट इमेजिंग पर 5वां पाठ्यक्रम 26-27 सितंबर 2026 को पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआईएमईआर), चंडीगढ़ के रेडियोडायग्नोसिस एवं इमेजिंग विभाग के नाइन सभागार में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। दो दिवसीय शैक्षणिक कार्यक्रम में देशभर से रेडियोलॉजिस्ट, स्नातकोत्तर विद्यार्थी, संकाय सदस्य और चिकित्सक शामिल हुए तथा मस्कुलोस्केलेटल और ब्रेस्ट इमेजिंग में समकालीन विकास पर विचार-विमर्श किया।

यह पाठ्यक्रम अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली और पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के बीच लंबे समय से जारी



शैक्षणिक सहयोग का हिस्सा है। एआईआईएमएस-एमएएमसी-पीजीआई शिक्षण पाठ्यक्रम श्रृंखला की शुरुआत 1996 में हुई थी। इसके पहले 2000, 2005, 2013 और 2020 में इसके आयोजन हो चुके हैं।

26 सितंबर को आयोजित उद्घाटन समारोह में पीजीआईएमईआर के रेडियोडायग्नोसिस विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. एम. एस. संधू मुख्य अतिथि थे। उन्होंने रेडियोलॉजी के निरंतर विकास तथा स्नातकोत्तर एवं व्यावसायिक शिक्षा में नियमित शैक्षणिक संवाद और शिक्षण पहलों के महत्व पर विचार रखे।

समारोह में अतिथियों का पुष्प स्वागत, वंदे मातरम्, सरस्वती वंदना और पारंपरिक दीप प्रज्वलन हुआ। आयोजन अध्यक्ष डॉ. अक्षय कुमार सक्सेना ने अतिथि, संकाय सदस्यों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए एआईआईएमएस-एमएएमसी-पीजीआई की शैक्षणिक परंपरा को जारी रखने तथा मस्कुलोस्केलेटल और ब्रेस्ट इमेजिंग जैसी तेजी से विकसित हो रही उपविशेषताओं के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर मस्कुलोस्केलेटल और ब्रेस्ट इमेजिंग पर एक व्यापक पाठ्यपुस्तक का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि का सम्मान किया गया और आयोजन सचिव डॉ. वीनू सिंगला ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ।

एआईआईएमएस, एमएएमसी और पीजीआईएमईआर के संकाय सदस्यों ने व्याख्यान, बहुविषयक मामलों पर चर्चा, फिल्म-रीडिंग सत्र, स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी तथा आधुनिक इमेजिंग और इंटरवेंशन तकनीकों पर चर्चा की। पाठ्यक्रम ने विद्यार्थियों को स्थापित इमेजिंग सिद्धांतों की मजबूत आधारभूमि देने के साथ चिकित्सकों और कार्यरत रेडियोलॉजिस्ट को उभरते विकास की जानकारी प्रदान की।

श्री कृष्ण गौशाला रतिया में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ

पैगाम-ऐ-जगत/रतिया
28 सितंबर (एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

संतो की अपार कृपा से गौ सेवा हेतु श्री कृष्ण गौशाला, रतिया एवं महिला मंडल, रतिया के सौजन्य से पितृ पक्ष के पावन अवसर पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शुभारंभ हुआ।कथा का शुभारंभ सुबह भव्य कलश यात्रा से हुआ, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर नगर की परिक्रमा की। ढोल-नगाड़ों और जय श्री कृष्ण के जयघोष के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।कथा व्यास आचार्य पंडित श्री राम सेवक शास्त्री जी (कलवाणु वाले) ने पहले दिन की कथा में भागवत महात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने मात्र से पितरों का उद्धार होता है और प्राणी के सभी पापों का नाश होता है। उन्होंने कहा कि गौशाला में कथा का आयोजन करना सबसे बड़ा पुण्य है, क्योंकि जहाँ गौ सेवा होती है वहाँ स्वयं भगवान श्री कृष्ण विराजमान होते हैं।



उन्होंने कहा कि भागवत कथा कलयुग में मुक्ति का सरल साधन है और पितृ पक्ष में इसका श्रवण करने से हमारे पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर श्री कृष्ण गौशाला प्रधान व महिला मंडल की सभी सदस्याएं, गौशाला कमेटी के सभी सदस्य व नगर के गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।कमेटी सदस्यों ने बताया की कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक रहेगा और कथा का समापन एवं भंडारा 03 अक्टूबर 2026 को होगा। आयोजकों ने सभी नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने और गौ सेवा में सहयोग देने की अपील की है।

'पैगाम-ए-जगत' में प्रकाशित सामग्री और अन्य विवादों से संबंधित मामलों का निपटारा केवल मोहाली (चंडीगढ़) न्यायालय में ही किया जाएगा। यह आवश्यक नहीं है कि संपादक लेखकों की राय से सहमत हो। -संपादक, पैगाम-ए-जगत

दीवाला के किसान तसविंदर सिंह ने मेहनत-कमाई से संभाली पंजाब की विरासत

पैग़ाम-ऐ-जगत/समराला
27 सितंबर (विशेष प्रतिनिधि)

गांव दीवाला, तहसील समराला के किसान तसविंदर सिंह द्वारा पंजाब की पुरातन विरासत को संभालने के लिए अपनी मेहनत-कमाई से तैयार किया गया निजी संग्रह लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। उन्होंने कई

- **पुराने बर्तनों, खेती औजारों, रेडियो, टेलीविजनों और लोक-जीवन से जुड़ी वस्तुओं का संग्रह बना आकर्षण का केंद्र**

सालों से पुराने पंजाब के जीवन से जुड़ी वस्तुएं इकट्ठी करके यह संग्रह तैयार किया है।

तसविंदर सिंह का मानना है कि किसी भी कौम की पहचान उसके इतिहास, संस्कृति और विरासत से होती है। इसी सोच के तहत वह पुरानी वस्तुओं को इतिहास की अमानत समझ कर संभाल रहे हैं। उनके संग्रह में मिट्टी के घड़े, चाटियां, कुज्जे, पीतल और तांबे के बर्तन, परंपरागत चूल्हे, लालटेनें, हाथ से चलने वाले



पंखे, पुराने रेडियो, टेलीविजन सेट, पारंपरिक खेतीबाड़ी के औजार और ग्रामीण जीवन से संबंधित अन्य वस्तुएं शामिल हैं। वह पुरानी वस्तुओं के बारे में जानकारी मिलने पर विभिन्न गांवों और शहरों में जा कर उन्हें खरीदते हैं या लोगों के सहयोग से संग्रह में शामिल करते हैं। खास बात यह है कि यह सारा संग्रह उन्होंने किसी सरकारी या गैर-सरकारी सहायता के बिना अपनी मेहनत की कमाई से तैयार किया है।

संग्रह में मौजूद पुरानी तस्वीरें भी दर्शकों के लिए खास आकर्षण हैं। इनके माध्यम से पंजाब के सामाजिक जीवन, पारिवारिक रिश्तों, ग्रामीण मेलों, खेतीबाड़ी और लोक-संस्कृति की झलक मिलती है।

बुजुर्ग इन वस्तुओं और तस्वीरों के माध्यम से अपनी पुरानी यादें ताजा करते हैं, जबकि युवा पीढ़ी अपने विरसे से परिचित होती है। इलाके के लोगों के अनुसार तसविंदर सिंह का यह प्रयास एक निजी अजायबघर का रूप धारण कर रहा है। उनका यह संग्रह पंजाब के इतिहास, संस्कृति और लोक-जीवन को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास है।

साहित्य सृजना मंच द्वारा 'धरत प्यासी' पुस्तक पर विचार गोष्ठी और कवि दरबार

बठिंडा, (पैग़ाम-ऐ-जगत)

साहित्य सृजना मंच (रजि.) बठिंडा द्वारा प्रसिद्ध रुबाईकार और संगठनात्मक नेता सुखदर्शन गर्ग के सचित्र रुबाई संग्रह 'धरत प्यासी' पर टीचर्स होम में विचार गोष्ठी और कवि दरबार करवाया गया। समारोह की अध्यक्षता भाषा विभाग, पंजाब के डायरेक्टर और प्रसिद्ध कवि जसवंत जफर ने की, जबकि प्रिंसिपल अवतार सिंह विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। अध्यक्ष मंडल में लेखक सुखदर्शन गर्ग, सुरिंदरप्रीत घनियां, गुरदेव खोखर, प्रिंसिपल शुभ प्रेम बराड़, प्रो. तरसेम नरूला, प्रो. जसकरन जस और इतिहासकार हरभजन सिंह सेलबराह मौजूद थे। समारोह के शुरू में 'नवां जमाना' के लंबे समय तक समाचार संपादक रहे चंद फतेहपुरी को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। बाल कलाकार अमायरा दिलराज कौर ने पुस्तक में से दो रुबाइयां पेश कीं। प्रो. तरसेम नरूला और प्रो. जसकरन जस ने पुस्तक संबंधी पर्चे पढ़े और इसके सरोकारों के साथ रुबाइयों के कलात्मक पक्ष में रह गई कमियों की ओर भी ध्यान दिलाया।

कहानीकार अतरजीत, सुरिंदरप्रीत घनियां, प्रो. जसपाल जस्सी, अमरजीत पेंटर और हरभजन सिंह सेलबराह ने पुस्तक और पर्चों संबंधी विचार साझा किए। उन्होंने पर्चों को संतुलित और सार्थक बताया। अमरजीत पेंटर और अमायरा दिलराज कौर द्वारा बनाए स्केचों की भी सराहना की गई। गुरदेव खोखर ने पुस्तक लेखक को भावों और विचारों के प्रकटाव के समय ज्यादा सरल और सपाट बयानी से बचने की सलाह दी। जसवंत जफर ने कहा कि साहित्यिक कृति की समीक्षा करते हुए नकारात्मक पक्ष की तुलना में सकारात्मक पक्ष को अधिक उभारना चाहिए। उन्होंने सुखदर्शन गर्ग को प्रगतिवादी शायर बताते हुए मंच को समारोह के लिए बधाई दी।

दूसरे सत्र में करीब तीन दर्जन कवियों ने समकालीन राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक सरोकारों से संबंधित कविताएं, गीत और गजलें पेश कीं। टीचर्स होम ट्रस्ट के जनरल सेक्रेटरी लछमन मलूका ने कविताओं पर टिप्पणी करते हुए कवियों से मौजूदा हालातों के मद्देनजर अपनी कलम और प्रचंड करने की अपील की।

पहले सत्र का मंच संचालन प्रिंसिपल जगदेव सिंह जठौल और कवि दरबार का संचालन जगन नाथ और मीत बठिंडा ने किया। आखिर में डॉ. अजीतपाल सिंह ने हाजिर विद्वानों, लेखकों, पाठकों और श्रोताओं का धन्यवाद किया। समारोह में सौ से अधिक लेखक और श्रोता हाजिर थे।

कृषि विज्ञान केंद्र, संगरूर द्वारा गांव संघरेड़ी में ब्लॉक स्तरीय किसान जागरूकता कैंप लगाया

किसान पराली की विभिन्न तकनीकों से करें संभाल और पर्यावरण सुरक्षा में डालें योगदान: डॉ. मनदीप सिंह

भवानीगढ़, 28 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

धान की पराली को न जलाने के लिए शुरू की गई विशेष मुहिम के तहत पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र, संगरूर द्वारा ब्लॉक भवानीगढ़ के गांव संघरेड़ी में ग्राम पंचायत के सहयोग से एक ब्लॉक स्तरीय किसान जागरूकता कैंप लगाया गया। इस कैंप में 100 से अधिक किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



कैंप के दौरान के.वी.के. संगरूर के इंचार्ज डॉ. मनदीप सिंह ने किसानों को धान की पराली जलाने से पर्यावरण, मिट्टी की उर्वरता और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभावों के बारे में विस्तारपूर्वक जागरूक किया। उन्होंने बताया कि एक टन धान की पराली जलाने से 5.5 किलोग्राम नाइट्रोजन, 2.3 किलोग्राम फास्फोरस, 25 किलोग्राम पोटाश और 1.2 किलोग्राम सल्फर जैसे अहम पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। पराली को खेत में ही जोतने से मिट्टी में जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ती है, जिससे जमीन की उपजाऊ शक्ति बढ़ती है और रासायनिक खादों का खर्च घटता है। इसके अलावा डॉ. मनदीप सिंह ने गेहूं की अधिक झाड़ देने वाली नई किस्म पी.बी. डब्ल्यू 887 जिसका पकने का समय 155 दिन, औसत झाड़ 24.60 क्विंटल/एकड़ है समेत पी.बी. डब्ल्यू 872 और पी.बी. डब्ल्यू 826 के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विशेष गुणवत्ता वाली किस्मों जैसे पी.बी. डब्ल्यू जिंक 2, पी.बी. डब्ल्यू 1 चपाती, पी.बी. डब्ल्यू आर.एस. 1 और पी.बी. डब्ल्यू 1 बिस्कुट के बारे में बताते हुए किसानों को रबी सीजन की दालें, तिलहन फसलें बीजने और खादों के संतुलित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

कैंप के दौरान डॉ. सुनील कुमार (सहायक प्रोफेसर, फार्म मशीनरी) ने पराली की खेत के अंदर संभाल के लिए पी.ए.यू. द्वारा विकसित आधुनिक मशीनरी जैसे स्मार्ट सीडर, सुपर सीडर, सरफेस सीडर, हैपी सीडर, मल्चर, पलटाऊ हल और बेलर के द्वारा गांठें बनाने की तकनीकें साझा कीं।

डॉ. रुकिंदरप्रीत सिंह (सहायक प्रोफेसर, फसल विज्ञान) ने पराली वाले खेतों में गेहूं की बिजाई के बाद गुल्लीडंडे की रोकथाम के लिए उगने से पहले इस्तेमाल की जाने वाली खरपतवारनाशी दवाइयों और तने की गुलाबी सुंडी की रोकथाम संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कैंप के आखिर में किसानों के सवालों के जवाब दिए गए और उन्हें सर्दियों की सब्जियों के बीजों की किटें और खेती साहित्य भी बांटा गया।

इस मौके पर गांव के सरपंच निर्भय सिंह, मेंबर पंचायत अमनदीप सिंह, नंबरदार करनैल सिंह, अग्रणी किसान काका सिंह, मास्टर अमरीक सिंह और सरदार वरिंदरदीप सिंह (डाटा कलेक्टर) समेत अन्य गणमान्य सज्जन हाजिर थे।

विश्व हृदय दिवस-प्रारंभिक जांच और निवारक हृदय देखभाल बेहद जरूरी: लिवासा अस्पताल एक्सपर्ट

खन्ना, 28 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)



सोमवार को आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान लिवासा अस्पताल, खन्ना के कार्डियक एक्सपर्ट, वरिष्ठ कंसलटेंट-इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी डॉ. गगनदीप सिंह और कंसलटेंट-इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, डॉ. आदिजया भाटिया ने निवारक हृदय देखभाल, प्रारंभिक जांच और समय पर चिकित्सकीय हस्तक्षेप के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने व्यक्तिगत जोखिम कारकों को पहचानने, हृदय-अनुकूल जीवनशैली अपनाने और लक्षणों के गंभीर जटिलताओं में बदलने से पहले चिकित्सीय सलाह लेने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने हृदय संबंधी बीमारियों के बदलते स्वरूप, आम जोखिम कारकों, चेतावनी के संकेतों और इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी में हुई प्रगति पर भी चर्चा की। साथ ही, उन्होंने इस बात पर बल दिया कि लक्षणों के प्रकट होने का इंतजार करने के बजाय निवारक हृदय स्वास्थ्य को नियमित स्वास्थ्य देखभाल का हिस्सा बनाना कितना महत्वपूर्ण है।

डॉ. सिंह ने कहा कि हृदय रोग अब केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं रह गया है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, तनाव और गतिहीन जीवनशैली जैसे बढ़ते जोखिम कारकों के कारण समय पर जांच कराना बेहद महत्वपूर्ण हो गया है। डॉ. भाटिया ने कहा, 'निवारक कार्डियोलॉजी की शुरुआत अपने व्यक्तिगत जोखिम को समझने से होती है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल, धूम्रपान की आदत या हृदय रोग के पारिवारिक इतिहास वाले लोगों को नियमित हृदय जांच के प्रति विशेष रूप से सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने सलाह दी कि जांच से जोखिम कारकों की पहचान करने में मदद मिलती है और जीवनशैली में बदलाव, चिकित्सीय प्रबंधन तथा जहां भी आवश्यक हो, आगे के मूल्यांकन के बारे में समय पर निर्णय लेने में सहयोग मिलता है। लिवासा अस्पताल खन्ना के फैसिलिटी डायरेक्टर संजय पुरी ने कहा कि विश्व हृदय दिवस जैसी पहल हमें समुदाय के साथ जुड़ने, निवारक स्वास्थ्य प्रथाओं को प्रोत्साहित करने और समय पर परामर्श तथा निरंतर देखभाल के महत्व को मजबूत करने में मदद करती हैं।

श्री नीलकंठ कांवड़ सेवा संघ की बैठक संपन्न, नवरात्रों में एंबुलेंस सेवा शुरू करने का प्रयास

रमन बलाना प्रधान, कमल अरोड़ा चेयरमैन, बोबी गोस्वामी व सोमनाथ गर्ग संरक्षक नियुक्त

पैग़ाम-ऐ-जगत/रतिया
28 सितंबर (एडवोकेट गुरप्रीत मंडेर)



श्री नीलकंठ महादेव कांवड़ सेवा संघ ट्रस्ट की बैठक रविवार शाम सती माई मंदिर में प्रधान रमन बलाना की अध्यक्षता में चेयरमैन कमल अरोड़ा की मौजूदगी में हुई। बैठक में ट्रस्ट के अधिकांश सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान हाल ही में आयोजित तीसरे विशाल शिव जागरण की सफलता पर सदस्यों को बधाई दी गई तथा आगामी धार्मिक एवं सामाजिक सेवा कार्यों पर चर्चा हुई। पूर्व कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा होने के बाद सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बोबी गोस्वामी व सोमनाथ गर्ग को संरक्षक, रमन बलाना को प्रधान तथा कमल अरोड़ा को चेयरमैन नियुक्त किया गया। संजय मोदी, सोनू जिंदल व लवली गिलोहत्रा को विशेष सलाहकार समिति का सदस्य, केतन कुमार को महासचिव तथा गोल्डी जैन को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

वेंटिलेटर युक्त एंबुलेंस सेवा शुरू करने पर चर्चा

बैठक में रतिया में वेंटिलेटर युक्त एंबुलेंस सेवा शुरू करने को लेकर विशेष चर्चा हुई। ट्रस्ट ने इसे बिना लाभ-हानि के सेवा भाव से संचालित करने का निर्णय लिया। संचालन के लिए सात सदस्यों की टीम गठित की जाएगी, जिसकी घोषणा जल्द की जाएगी।

प्रधान रमन बलाना व चेयरमैन कमल अरोड़ा ने कहा कि वेंटिलेटर युक्त एंबुलेंस उपलब्ध होने से गंभीर मरीजों और जरूरतमंद परिवारों को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि नवरात्रों के दौरान एंबुलेंस सेवा शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है। ट्रस्ट द्वारा धार्मिक आयोजनों के साथ समाजसेवा के अन्य कार्य भी आगे बढ़ाए जाएंगे। शेष पदों पर नियुक्तियों की घोषणा शीघ्र की जाएगी।

नव कल्याण संस्था ने प्रेस मीडिया एवं वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित, भारत भूषण मिड्ढा ने 50 हजार रु. सहायता की घोषणा की

पैग़ाम-ऐ-जगत/फतेहाबाद
28 सितंबर (एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

फतेहाबाद शहरवासियों के विशेष सहयोग से समाजसेवी संस्था नव कल्याण द्वारा जवाहर चौक स्थित श्री कृष्ण सेवा समिति धर्मशाला में प्रेस मीडिया एवं वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के चेयरमैन बंटी कंबोज तथा संस्था प्रचार मंत्री एवं संरक्षक सुदर्शन नरूला ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन वरिष्ठ पत्रकार मुकेश बंसल द्वारा किया गया। समारोह के शुभारंभ में संस्था के उप प्रधान आर सी राठौड़ (मुखिया) ने पहुंचे हुए मुख्य अतिथियों, वरिष्ठ नागरिकों और पत्रकारों का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण मिड्ढा और सर्वजीत मान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भारत भूषण मिड्ढा ने नव कल्याण संस्था के सामाजिक कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा जरूरतमंद व गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए किए जा रहे प्रयास अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायी हैं। बच्चों की शिक्षा में अपना योगदान देते हुए उन्होंने संस्था को पचास हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथियों और पत्रकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके अलावा वरिष्ठ पत्रकार विजय मेहता, दैनिक भास्कर के ब्यूरो चीफ संजय आहुजा, पंजाब केसरी के ब्यूरो चीफ



मनोज असीजा, अजीत समाचार ब्यूरो चीफ ललित मेहता, दैनिक सवेरा से प्रवीण कालवान ने,सब्जी मंडी प्रधान सीताराम सैनी, मुख्य समाजसेवी गुरदीप सिंह बग्गा, आरके कुकड़ेजा, प्रयागराज, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मनोज गर्ग बड़ोपलिया, शिक्षाविद सर्वजीत मान, पूनम सिंगला ,उपस्थितजनों को संबोधित किया।

इस अवसर पर एमएम कॉलेज के प्रिंसिपल गुरचरण दास, फतेहाबाद के प्रसिद्ध सिंगर मुकेश राही, वरिष्ठ पत्रकार रमेश जोईया, जितेंद्र मोंगा स्वतंत्र खबर, दैनिक भास्कर डिजिटल ब्यूरो चीफ योगेश अरोड़ा, दैनिक भास्कर से प्रवीण शर्मा, नरेन्द्र मदान, विक्की गिल्होत्रा, राजेश मेहुवाला, रमेश ढाका, निखिल गोरी, दिनेश बंसल, पंकज कुक्कड़, सुखविन्द्र सिंह, महेन्द्र मुटरेजा, जयपाल बघेल, मुकेश नारंग, अशोक रसेवट, रवि आहुजा, मोहर सिंह, राज डाबला, ललित चक्रवर्ती, रामू कठेरिया, महंत आनंदनाथ, महंत पवननाथ , महंत नाहर सिंह, अमीचंद, विनोद कुमार एनसीसी, सुदामा बघेल जी, लीलाराम जी, पुजारी पप्पूराम, सक्षम सचदेवा, मास्टर सीताराम, प्रयास गर्ग, कृष्ण चावला, राजकमल, दलबीर शाक्य, सुरेश वड़वाल, ओम प्रकाश, महेंद्र कम्बोज, केसर कम्बोज, भूमिका, गगन, मोनू शर्मा,पायल चक्रवर्ती, रूपसी कम्बोज,विजय दायमा आदि मौजूद रहे।

मोहाली पुलिस द्वारा नाजायज पिस्तौल सहित एक गिरफ्तार

मोहाली, 28 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)



श्री वरुण शर्मा आई.पी.एस. सीनियर कप्तान पुलिस, जिला एस.ए.एस. नगर जी के दिशा निर्देशों के अनुसार जिला मोहाली पुलिस द्वारा बुरे तत्वों के विरुद्ध चलाई मुहिम के दौरान श्री आकाशदीप औलख पी.पी.एस. कप्तान पुलिस (ऑपरेशन), श्री सौरव जिंदल पी.पी.एस. कप्तान पुलिस (इन्वेस्टिगेशन), श्री राजन परमिंदर सिंह पी.पी.एस. उप कप्तान पुलिस (इन्वेस्टिगेशन), जिला एस.ए.एस. नगर जी की निगरानी में इंस्पेक्टर हरमिंदर सिंह इंचार्ज ऑपरेशन सेल मोहाली की टीम द्वारा 01 दोषी को गिरफ्तार करके उससे 01 नाजायज हथियार .32 बोर सहित 01 जिंदा कारतूस बरामद करवाने में सफलता हासिल की है।

दिनांक 27-09-2026 को ऑपरेशन सेल मोहाली की टीम नजदीक एयरपोर्ट चौक एयरोसिटी मोहाली मौजूद थी तो ऑपरेशन सेल मोहाली के एएसआई कमलप्रीत शर्मा को मुखबरी मिली कि संजय पुत्र धर्मेंद्र वासी गांव खातला, जिला जींद, हरियाणा का रहने वाला है। जिसके पास नाजायज हथियार है। जो इस समय छत लाइटों से एयरपोर्ट चौक साइड को जाती रोड बाएं तरफ सर्विस रोड पर गाड़ी नं. HRw{-ET-8337 मार्का स्विफ्ट डिजायर रंग सफेद में बैठकर अपने किसी साथी का इंतजार कर रहा है। यदि इसे काबू किया जाए तो इसके पास से नाजायज हथियार बरामद हो सकता है। जो कि मुखबरी के आधार पर दोषी संजय के विरुद्ध मुकदमा नं. 111 दिनांक 27-09-2026 अ/ध 25-54-59 आर्म्स एक्ट थाना आई.टी. सिटी दर्ज रजिस्टर किया गया था। जिसको गाड़ी नं. HR26-ET-8337 में से काबू करके नाजायज पिस्टल .32 बोर सहित 01 जिंदा रौंद .32 बोर सहित गिरफ्तार किया गया था।

जिला ट्रेडर्स कमीशन द्वारा व्यापारियों की शिकायतों के निपटारे की स्थिति की समीक्षा

सहायक कमिश्नर (ज) डॉ. अंकिता कांसल द्वारा व्यापारियों की शिकायतों के निपटारे के लिए समीक्षा बैठक

साहिबजादा अजीत सिंह नगर
28 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

सहायक कमिश्नर (जनरल) डॉ. अंकिता कांसल द्वारा जिला प्रबंधकीय कॉम्प्लेक्स में व्यापारियों से प्राप्त शिकायतों की ताजा स्थिति और निपटारे के लिए संबंधित विभागों के साथ बैठक की गई।

- **संबंधित विभागों को लंबित शिकायतों के जल्द निपटारे के दिए निर्देश**

बैठक के दौरान उनके द्वारा विभिन्न विभागों - गमाडा, पावरकॉम, स्वास्थ्य विभाग, स्थानीय सरकारों और कॉर्पोरेशन से संबंधित लंबित शिकायतों की प्रगति के बारे में विचार-विमर्श किया गया। डॉ. अंकिता कांसल ने संबंधित अधिकारियों को हिदायत दी कि उनके पास



लंबित शिकायतों की गंभीरता से जांच की जाए और समयबद्ध तरीके से निपटारा सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने अधिकारियों को ट्रेडर्स कमीशन के साथ निरंतर तालमेल बनाए रखने और विभागीय कार्रवाई की समय पर पैरवी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और लंबित शिकायतों संबंधी की जा रही कार्रवाई की प्रगति के बारे में कमीशन को नियमित तौर पर अवगत करवाया जाए और शिकायतों के निपटारे में पारदर्शिता और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर वाइस चेयरमैन सरदार तरलोचन सिंह बैदवान, मोहाली हलका चेयरमैन सरदार अकविंदर सिंह गोसल के अलावा संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी हाजिर थे।

'खेडां वतन पंजाब दियां-2026' (सीजन-4) के तहत जिला स्तरीय खेल 02 अक्टूबर से होंगे शुरू

साहिबजादा अजीत सिंह नगर,
28 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब सरकार के निर्देशों और जिला प्रशासन के कुशल नेतृत्व में जिले में 'खेडां वतन पंजाब दियां-2026' (सीजन-4) के जिला स्तरीय खेल दिनांक 02 अक्टूबर 2026 से 06 अक्टूबर 2026 तक जिला एस ए एस नगर के विभिन्न निर्धारित स्थानों पर पूरे उत्साह के साथ करवाए जा रहे हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला खेल अफसर, एस ए एस नगर उमेश्वरी शर्मा ने बताया कि इन खेलों के दौरान विभिन्न खेल मुकाबले नीचे लिखे अनुसार तय किए गए स्थानों पर करवाए जाएंगे। क्रिकेट, स्पोर्ट्स स्टेडियम चंदो में 03.10.2026 से शुरू होकर 06.10.2026 तक, शूटिंग दिनांक 05 से 6-10-2026 तक शूटिंग रेंज फेज-6 एस ए एस नगर में, एथलेटिक्स दिनांक 03 से 04.10.2026 तक और खो-खो दिनांक 03 अक्टूबर से 05 अक्टूबर तक सरकारी कॉलेज फेज-6, एस ए एस नगर में, कबड्डी सर्कल स्टाइल दिनांक 03 अक्टूबर से 05 अक्टूबर 2026 तक, कबड्डी नेशनल स्टाइल 03 अक्टूबर से 05 अक्टूबर 2026 तक, कुश्ती 03.10.2026 से 04.10.2026 तक, बैडमिंटन 03.10.2026 से 05.10.2026 तक, बास्केटबॉल 02.10.2026 से 06.10.2026 तक, रोलर स्केटिंग 03 अक्टूबर से 05 अक्टूबर तक, फेंसिंग 03.10.2026 से 04.10.2026 तक, जूडो 04.10.2026 से 05.10.2026 तक, और टेबल टेनिस दिनांक 04.10.2025 से 05 अक्टूबर 2026 तक खेल भवन सेक्टर-78 में और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सेक्टर-63 एस ए एस नगर में वॉलीबॉल शूटिंग/वॉलीबॉल स्मैशिंग 03 अक्टूबर से 04 अक्टूबर 2026 तक, बॉक्सिंग 03.10.2026 से 05.10.2026 तक, किक बॉक्सिंग 03.10.2026 से 04.10.2026 तक, तैराकी 04 अक्टूबर से 05 अक्टूबर 2026 तक और गतका 04.10.2026 से 05.10.2026 को करवाए जाएंगे। इसके अलावा चेस दिनांक 05.10.2026 से 06.10.2026 तक एमिटी यूनिवर्सिटी, सेक्टर-82 ए एस ए एस नगर में, हॉकी दिनांक 03 से 05 अक्टूबर 2026 तक सरदार बलबीर सिंह ओलंपियन इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम एस ए एस नगर में, हैंडबॉल दिनांक 03 से 05 अक्टूबर और फुटबॉल 03 से 6 अक्टूबर 2026 तक सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल फेज-3बी-1, एस ए एस नगर, लॉन टेनिस दिनांक 01 अक्टूबर से 03 अक्टूबर 2026 तक गमाडा स्पोर्ट्स स्टेडियम, सेक्टर-69 मोहाली और वेटलिफ्टिंग दिनांक 03 से 04 अक्टूबर 2026 तक मौली बैदवान सेक्टर-80 एस ए एस नगर में करवाए जाएंगे।

जिला प्रशासन द्वारा समूह खेल प्रेमियों, स्कूली बच्चों और इलाका निवासियों से अपील की गई है कि वे इन खेलों में बढ़-चढ़ कर शिरकत करें और खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करें।

"ਪੈਗਾਮ-ਏ-ਜਗਤ"
NEWS & WEB CHANNEL
HEAD OFFICE
F 388, Industrial Area,
Sector 74, Sahibzada Ajit
Singh Nagar, Punjab 160071
CONTACT : +91 9878862733, 9872340701
ਛੋਟਾ ਇਸ਼ਤਿਹਾਰ ਵੱਡਾ ਵਪਾਰ
"ਪੈਗਾਮ-ਏ-ਜਗਤ" ਵਿੱਚ ਕਿਸੇ ਵੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕਲਾਸੀਫਾਈਡ ਜੌਬਸ, ਵਪਾਰ, ਨਾਮ ਪਰਿਵਰਤਨ, ਵਿਆਹ ਸੰਬੰਧੀ ਇਸ਼ਤਿਹਾਰ ਆਦਿ ਲਈ ਘਰ ਬੈਠੇ ਬੁਕਿੰਗ ਕਰੋ।